# भारतीय स्टेट बैंक


## केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग,
## कॉरपोरेट केन्द्र, मुंबई

(फोन: 022-22820427; फैक्स: 022-22820411; ईमेल: crpd@sbi.co.inco.in)


## भारतीय स्टेट बैंक में वेल्थ मैनेजमेन्ट के लिए विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों की भर्ती

**विज्ञापन संख्या: सीआरपीडी/एससीओ-डब्ल्यूएम/2016-17/21**

1. ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण शुरू होने की तिथि: **24.03.2017**
2. आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि: **10.04.2017**
3. एसबीआई, सीआरपीडी, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई पर ऑनलाइन आवेदन का प्रिंट आउट और साथ में उसके अनुलग्नक प्राप्त होने की अंतिम तिथि: **13.04.2017**

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा वेल्थ मैनेजमेन्ट के लिए विशेषज्ञ संवर्ग के निम्नलिखित पदों पर संविदा आधार पर नियुक्ति करने हेतु भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com** या **www.sbi.co.in** के **''कॅरीअर''** खंड में दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें.

| | कृपया ध्यान दें कि |
|---|---|
| 1 | इस परियोजना के अंतर्गत उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए अलग-अलग आवेदन कर सकता/सकती है, बशर्तें वह पात्रता मापदंड को पूरा करता/करती हो. |
| 2 | आवेदन के पंजीकरण की प्रक्रिया तभी पूर्ण होगी जब शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि को या उससे पूर्व शुल्क ऑनलाइन माध्यम से बैंक में जमा करा दिया गया हो. |
| 3 | आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे सुनिश्चित करें कि पात्रता की तिथि को संबंधित पद हेतु पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं. दस्तावेजों के सत्यापन के बिना शॉर्ट लिस्टिंग और साक्षात्कार प्रक्रिया पूर्णतया अनंतिम होगी. उम्मीदवारों को यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उनके द्वारा साक्षात्कार हेतु रिपोर्ट करने पर उनकी उम्मीदवारिता विवरणों/दस्तावेजों के सत्यापन के अध्यधीन रहेगी. |
| 4 | उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे विवरण और अद्यतन जानकारी (शॉर्ट लिस्टेट/अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों की सूची सहित) के लिए बैंक की वेबसाइट **www.sbi.co.in/careers** को नियमित रूप से देखते रहें. कॉल लेटर्स/सूचनाएं, जहां आवश्यक हो केवल ईमेल से भेजे जाएंगे. (कोई हार्ड कॉपी नहीं भेजी जाएगी) |

### नीचे यथा उल्लिखित विभिन्न पदों से संबंधित रिक्त पद और अन्य विवरण:

| क्रम सं. | पद (संविदा आधार पर नियुक्ति) | श्रेणी वार रिक्त पद | | | | | | | | 01.03.2017 को आयु (वर्षों में) | | 01.03.2017 को न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | 01.03.2017 को अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामा. | अपिव | अजा | अजजा | कुल | ओएच | वीआई | एचआई | न्यूनतम | अधिकतम | | |
| 1 | सेल्स हेड | 1 | | | | 1 | | | | 40 | 52 | किसी प्रतिष्ठित कॉलेज से एमबीए/पीजीडीएम | • फाइनैंशियल सर्विसेस, इंवेस्टमेन्ट एडवायजरी और प्राइवेट बैंकिंग में संबंधित कार्य का कम से कम 15 वर्षों का अनुभव<br>• वेल्थ मैनेजमेन्ट में कम से कम आठ वर्षों का अनुभव<br>• बड़ी मैनेजमेन्ट टीम का प्रबंधन किया हो<br>• इक्विटी प्रोडक्ट्स, पीएमएस, म्यूचुअल फंड्स और एडवाइजरी का उत्तम ज्ञान<br>• सीआरएम की जानकारी होनी चाहिए<br>• उच्च कार्यकुशलता और लीडरशिप का प्रमाणित ट्रैक रिकॉर्ड<br>• बड़े वेल्थ मैनेजमेन्ट संगठनों के साथ राष्ट्रीय स्तर पर संबंधित कार्य का अनुभव होना चाहिए<br>• रिलेशनशिप मैनेजर्स की बड़ी टीम का प्रबंधन और राष्ट्रीय स्तर पर टीम का नेतृत्व किया हो |
| 2 | प्रोडक्ट्स, इंवेस्टमेन्ट्स एंड रिसर्च हेड | 1 | | | | 1 | | | | 40 | 52 | किसी प्रतिष्ठित कॉलेज से ग्रेजुएशन/पोस्ट ग्रेजुएशन. मार्केट एनालिटिक्स का ज्ञान और अनुभव तथा इकोनॉमिक्स ट्रेंड व प्रोडक्ट्स में रिसर्च के प्रति उत्साह. | • फाइनैंशियल सर्विसेस, फाइनैंशियल प्रोडक्ट डेव्लपमेन्ट, इंवेस्टमेन्ट एडवायजरी और प्राइवेट बैंकिंग में संबंधित कार्य का कम से कम 15 वर्षों का अनुभव<br>• वेल्थ मैनेजमेन्ट में कम से कम आठ वर्षों का अनुभव<br>• इक्विटी प्रोडक्ट्स, पीएमएस, म्यूचुअल फंड्स और एडवाइजरी का उत्तम ज्ञान<br>• प्रोडक्ट डेव्लपमेन्ट तथा प्राइवेट वेल्थ क्लाइंट्स के लिए स्ट्रक्चरिंग में अनुभव<br>• अग्रणी बैंक्स/फाइनैंशियल इंस्टिट्यूशन्स के साथ राष्ट्रीय स्तर पर इंवेस्टमेन्ट काउन्सलर्स/एडवाइजर्स के प्रबंधन में अनुभव |

*(अगले पृष्ठ पर जारी...)*

(... पिछले पृष्ठ से जारी)

| क्रम सं. | पद (संविदा आधार पर नियुक्ति) | श्रेणी वार रिक्त पद | | | | | | | | 01.03.2017 को आयु (वर्षों में) | | 01.03.2017 को न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | 01.03.2017 को अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामा. | अपिव | अजा | अजजा | कुल | ओएच | वीआई | एचआई | न्यूनतम | अधिकतम | | |
| 3 | ऑपरेशन्स हेड | 1 | | | | 1 | | | | 35 | 45 | किसी प्रतिष्ठित कॉलेज से एमबीए/ पीजीडीएम | फाइनैंशियल सर्विसेस, इंवेस्टमेन्ट एडवाइजरी और प्राइवेट बैंकिंग में कम से कम 15 वर्षों का अनुभव जिनमें से कम से कम 8 वर्ष का अनुभव मिड ऑफिस, बैक ऑफिस को स्थापित व प्रबंधित करने एवं वेल्थ मैनेजमेन्ट सेट अप के शाखा प्रचालनों का हो. वेल्थ मैनेजमेन्ट के लिए सीआरएम प्लेटफॉर्म की जानकारी रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी.<br>विभिन्न एसेट श्रेणियों जैसे कि इक्विटी, बॉण्ड्स, म्यूचुअल फंड्स तथा अल्टरनेट्स में ट्रांजेक्शन्स के लिए ट्रेड और डेटा के संचालन में अनुभव.<br>वेल्थ मैनेजमेन्ट बिजनेस में बड़ी ऑपरेशन्स टीम का प्रबंध किया हो. |
| 4 | मैनेजर (बिजनेस डेव्लपमेन्ट) | 1 | | | | 1 | | | | 30 | 40 | किसी प्रतिष्ठित कॉलेज/ युनिवर्सिटी से एमबीए/ पीजीडीएम | बैंक/वेल्थ मैनेजमेन्ट फर्म/ब्रोकिंग फर्म में कम से कम 5 वर्षों का अनुभव. वेल्थ मैनेजमेन्ट क्षेत्र में बिजनेस डेव्लपमेन्ट में अनुभव. |
| 5 | मैनेजर (बिजनेस प्रोसेस) | 1 | | | | 1 | | | | 30 | 40 | किसी प्रतिष्ठित कॉलेज/ युनिवर्सिटी से एमबीए/ पीजीडीएम | बैंक/वेल्थ मैनेजमेन्ट फर्म/ब्रोकिंग फर्म/वेल्थ मैनेजमेन्ट सॉल्यूशन फर्म में कम से कम 5 वर्षों का अनुभव. वेल्थ मैनेजमेन्ट क्षेत्र में बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेन्ट में अनुभव. |
| 6 | सेंट्रल रिसर्च टीम | 3 | 1 | | | 4 | | | | 30 | 40 | किसी प्रतिष्ठित कॉलेज/ युनिवर्सिटी से एमबीए/ पीजीडीएम | फिक्स्ड इन्कम रिसर्च/एमएफ रिसर्च/इक्विटी तथा डेरीवेटिव रिसर्च/वेल्थ मैनेजमेन्ट फर्म/बैंक/एएमसी में पोर्टफोलियो एनालिटिक्स में कम से कम 5 वर्षों का अनुभव. |
| 7 | एक्विजिशन रिलेशनशिप मैनेजर्स | 12 | 5 | 3 | 1 | 21 | | | | 22 | 35 | किसी सरकारी मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी या इंस्टिट्यूशन से ग्रेजुएट | अग्रणी पब्लिक/प्राइवेट/विदेशी बैंक/ब्रोकिंग/सिक्यूरिटीज फर्मों तथा अन्य फाइनैंशियल इंस्टिट्यूशन्स के साथ वेल्थ मैनेजमेन्ट बिजनेस में कम से कम ₹20 लाख या इससे अधिक के टोटल रिलेशनशिप वैल्यू (TRV) रखने वाले ऊंची हैसियत के क्लाइंट्स के एक्विजिशन में कम से कम 2 वर्षों का अनुभव. |
| 8 | रिलेशनशिप मैनेजर्स | 61 | 32 | 18 | 9 | 120 | 2 | 1 | 1 | 23 | 35 | किसी सरकारी मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी या इंस्टिट्यूशन से ग्रेजुएट | अग्रणी पब्लिक/प्राइवेट/विदेशी बैंक/ब्रोकिंग/सिक्यूरिटीज फर्मों के साथ वेल्थ मैनेजमेन्ट में रिलेशनशिप मैनेजर के रूप में कम से कम 3 वर्षों का अनुभव. उम्मीदवार के पास कम से कम ₹20 लाख की टोटल रिलेशनशिप वैल्यू (TRV) के ऊंची हैसियत के क्लाइंट्स के साथ संबंध बनाने और प्रबंधन में पर्याप्त अनुभव होना चाहिए. |
| 9 | रिलेशनशिप मैनेजर्स (टीम लीड) | 8 | 4 | 2 | 1 | 15 | | | | 25 | 40 | किसी सरकारी मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी या इंस्टिट्यूशन से ग्रेजुएट | वेल्थ मैनेजमेन्ट में रिलेशनशिप मैनेजर के रूप में कम से कम 4 वर्षों का अनुभव. टीम लीड के रूप में अनुभव रखनेवालों को प्राथमिकता दी जाएगी |
| 10 | इंवेस्टमेन्ट काउन्सलर्स | 15 | 6 | 3 | 1 | 25 | 1 | | | 23 | 35 | किसी सरकारी मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी या इंस्टिट्यूशन से ग्रेजुएट/पोस्ट ग्रेजुएट के साथ एएमएफआई/ एनआईएसएम (मॉड्यूल V). सीएफपी/ सीएफए / सेबी आईए प्रमाणीकरण वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी. | वेल्थ मैनेजमेन्ट ऑर्गेनाइजेशन में प्रोडक्ट टीम के इंवेस्टमेन्ट एडवाइजर/काउन्सलर/हिस्से के रूप में कम से कम 3 वर्षों का अनुभव<br>निम्नलिखित कौशल रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी:<br>• विभिन्न एसेट श्रेणियों में निवेश और मार्केट्स की अच्छी समझ<br>• क्लाइंट्स पोर्टफोलियोज़ के प्रबंधन और सलाह देने में अनुभव<br>• एसेट आवंटन और पुन: संतुलन तकनीकों की अच्छी समझ<br>• प्रजेन्टेशन का उत्तम कौशल तथा अन्य प्रमुख क्षमताएं जैसे कि लीडरशिप तथा टीम कार्य<br>फिक्स्ड इन्कम, इक्विटी और अल्टरनेट मार्केट्स के प्रोडक्ट्स में अनुभव |
| 11 | कस्टमर रिलेशनशिप एक्जिक्यूटिव्स | 35 | 17 | 9 | 4 | 65 | 1 | | 1 | 20 | 35 | किसी सरकारी मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी या इंस्टिट्यूशन से ग्रेजुएट | • फाइनैंशियल प्रोडक्ट्स के डॉक्यूमेन्टेशन की अपेक्षाओं में अनुभव तथा उत्तम संप्रेषण कौशल वांछनीय |

(अगले पृष्ठ पर जारी...)

(... पिछले पृष्ठ से जारी)

उपरोक्त पद संविदा आधार पर हैं, जिन्हें किसी भी पक्ष द्वारा 3 महीने के नोटिस पर समाप्त किया जा सकता है. चुने गए उम्मीदवारों को एक रोजगार संविदा पर हस्ताक्षर करने होंगे.

बैंक की आवश्यकता के आधार पर उपरोक्त रिक्त पद निम्नलिखित केंद्रों में एक या एक से अधिक पर उपलब्ध होंगे:

**अहमदाबाद, बेंगलुरु, भोपाल, चेन्नई, दिल्ली एनसीआर, हैदराबाद, कोच्चि, मुंबई, पुणे, तिरुवनंतपुरम, कोलकाता, चंडीगढ़ और इंदौर**

**श्रेणी:** सामा–सामान्य, अजा–अनुसूचित जाति, अजजा–अनुसूचित जनजाति, अपिव–अन्य पिछड़ा वर्ग, पीडब्ल्यूडी–अशक्त व्यक्ति, ओएच–अस्थि विकलांग, एचआई–श्रवण संबंधी बाधकता, वीआई–दृष्टि संबंधी बाधकता

**कृपया ध्यान दें कि ऑनलाइन आवेदन के पंजीकरण के पश्चात श्रेणी में परिवर्तन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी.**

**टिप्पणी:**

1. अपिव श्रेणी के, लेकिन क्रीमी लेयर में आने वाले उम्मीदवार अपिव आरक्षण तथा उम्र में छूट के पात्र नहीं हैं. उन्हें अपनी श्रेणी 'सामान्य' या सामान्य (ओएच/वीआई/एचआई) जो भी लागू हो लिखनी होगी.
2. अजा/अजजा उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाने पर, भारत सरकार द्वारा निर्धारित फॉर्मेट में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति–प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.
3. जो उम्मीदवार अपिव श्रेणी में आरक्षण चाहते हैं, उन्हें घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें वे स्पष्ट रूप से उल्लेख करेंगे कि 01.03.2017 को वे क्रीमी लेयर में समाविष्ट नहीं है. ऐसे उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने पर 'नॉन क्रीमी लेयर' क्लॉज सहित दि. 01.04.2016 से साक्षात्कार की तारीख तक जारी अपिव प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.
4. आरक्षित रिक्त पदों सहित ऊपर उल्लेख किए रिक्त पदों की संख्या अनंतिम है तथा बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार बदल सकती है.
5. सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार के लिए अधिकतम आयु दर्शायी गई है. ऊपरी आयु में छूट नीचे दर्शाए गए अनुसार उपलब्ध है.

**ऊपरी आयु में छूट (आरक्षित रिक्त पदों के लिए): अजा/अजजा के लिए–5 वर्ष; अपिव–3 वर्ष; पीडब्ल्यूडी (अजा/अजजा)–15 वर्ष; पीडब्ल्यूडी (अपिव)–13 वर्ष; पीडब्ल्यूडी (सामा)–10 वर्ष**

| अ. कामकाज का स्वरूप | | |
|---|---|---|
| **पद** | **संक्षेप में कामकाज का स्वरूप** | |
| सेल्स हेड | कॉरपोरेट दृष्टिकोण के अनुरूप वेल्थ मैनेजमेन्ट के लिए मार्केटिंग रणनीतियों को पारिभाषित करना और उन पर अमल करना. सुनिश्चित करना कि रिलेशनशिप मैनेजरों के लिए तय किए गए सेल्स व सर्विस स्तर पूरे किए जाते हैं. ई–वेल्थ रिलेशनशिप मैनेजरों और ट्रेडिशनल रिलेशनशिप मैनेजरों दोनों के लिए सेल्स तथा सर्विसेस की रचना करना, उन पर अमल करना और निगरानी रखना. सर्कल फंक्शनरीज के साथ व्यक्तिगत एवं संयुक्त कार्य निष्पादन समीक्षाओं का आयोजन करना. रिलेशनशिप मैनेजरों के कार्य निष्पादन का मापन, रिलेशनशिप मैनेजरों तथा एक्विजिशन टीम्स की कोचिंग और मेंटरिंग. ग्राहक संतुष्टि के अपेक्षित स्तरों को प्राप्त करना तथा ग्राहकों के मौजूदा पोर्टफोलियो को बनाए रखने की क्षमता और लक्षित वृद्धि प्राप्त करना. | बैंक द्वारा समय–समय पर सौंपे जाने वाले अन्य कार्य |
| प्रोडक्ट एंड रिसर्च हेड | वेल्थ मैनेजमेन्ट बिजनेस के लिए वैल्यू प्रॉपोजिशन की रचना करना. रिसर्च टीम, एडवायजरी टीम और इंवेस्टमेन्ट टीम के प्रबंधन की जिम्मेदारी. ग्राहकों के लिए उचित कवरेज के साथ ऊंची क्वालिटी की रिसर्च रिपोर्ट्स सुनिश्चित करना. सुनिश्चित करना कि तिमाही अंतरालों पर प्रोडक्ट बेंचमार्किंग की जाती है. प्रतिस्पर्धी की स्कैनिंग और बेंचमार्किंग के बाद अभिनव एवं उत्तम वेल्थ मैनेजमेन्ट प्रोडक्ट्स लॉन्च करना. श्रेणी में सर्वोत्तम टेक्नोलॉजी संचालित समाधानों के लिए अन्य विभागों और बाहरी एजेन्सियों के साथ संपर्क स्थापित करना. | |
| ऑपरेशन्स हेड | डेटा बेस प्रबंधन सहित बैंक के वेल्थ मैनेजमेन्ट बिजनेस के सुचारू प्रबंधन का पर्यवेक्षण करना और उसे सुनिश्चित करना. आरटीएज/निर्माताओं से ट्रांजेक्शन फीड्स और क्लाइंट रिपोर्ट्स की विधिवत प्राप्ति, एमआईएस की सटीकता तथा समबद्धता को सुनिश्चित करना. सभी प्रोडक्ट्स का दैनिक डेटा अपलोड. ट्रैकर और मास्टर मेंटेनैन्स, फोलियो मिलान, एप्लिकेशन तथा एक्सेस कंट्रोल. रिसीवेबल प्रोसेसिंग. इन्कम/ट्रैल रिसीप्ट्स की ट्रैकिंग, इन्कम तथा रेट में अंतर का मिलान, रेट्स मैनेजमेन्ट तथा निर्धारित समय सीमा के अंदर रेवेन्यू क्रेडिट की प्रोसेसिंग. पारिभाषित नियमों के अनुसार परिवर्तनीय वेतन की गणना करना. वेंडर मैनेजमेन्ट तथा एसएलएज का आंतरिक डिपार्टमेन्ट मैनेजमेन्ट. क्लाइंट मैनेजमेन्ट: जोखिम प्रोफाइल सहित ऑन बोर्डिंग प्रोसेस, क्लाइंट मैपिंग, क्लाइंट वेलकम कॉल. मिड ऑफिस: ट्रैकिंग रिस्क डेविएशन फॉर्म्स तथा ट्रैक रखना, अन–मैप्ड ग्राहकों का प्रबंधन, शाखाओं और आंतरिक ग्राहकों के सेवा संबंधी अनुरोधों का प्रबंधन, ग्रीन पिन संबंधित मामले तथा सिस्टम के काम न करने से संबंधित मामले. सभी ट्रांजेक्शन को ट्रैक करना तथा एसओपी के अनुसार डेविएशन (विचलन) की रिपोर्ट करना, ईयूआईएन/एनआईएसएम डेविएशन (विचलन), अयोग्य ग्राहकों को हटाने की प्रक्रिया.<br>सेल्स टीम को सपोर्ट: सेल्स टीम को बढ़ाने और वेल्थ ग्राहकों को एक्टिवेट करने में मदद करना, क्लाइंट से सुदृढ़ता संबंधी पहल को प्रोत्साहन देना, ग्राहक संतुष्टि को सुनिश्चित करना. एआरएन बदलने की प्रक्रिया. एफडी रोलओवर ट्रैकिंग तथा रिपोर्टिंग लीड्स फ्लो सपोर्ट, एमआईएस सटीकता. क्लाइंट पोर्टल मैनेजमेन्ट, स्टाफ ट्रेनिंग. | |
| मैनेजर (बिजनेस डेव्लपमेन्ट) | ग्राउण्ड तथा ऑनलाइन गतिविधियों पर क्लाइंट से संबद्धता शुरू करना, जैसे कि वेबिनार्स मेल कैम्पेन्स, लर्निंग संबंधी पहल, डेटाबेस मैनेजमेन्ट. लीड जेनरेशन गतिविधियों का आयोजन तथा कॉर्पोरेट वर्कसाइट का मानकीकरण, वेन्यू मार्केटिंग, टेली–कॉलिंग गतिविधियां तथा आवासीय सोसायटी गतिविधि. ड्राइव ई–वेल्थ यूजेस और एलएमएस यूजेस. वेल्थ क्लाइंट लाइफ साइकिल को डिजाइन/कस्टमाइज तथा लक्ष्य करना. सेल किट बनाना और उसके इस्तेमाल को सुनिश्चित करना. एनपीएस अध्ययनों से जानकारी प्राप्त करना और उसका इस्तेमाल करना. सेंट्रल लीड जेनरेशन के लिए वेंडर्स के साथ व्यवहार करना (लिंक्ड इन, मनी कंट्रोल, एनवाईकेए आदि). मार्केट और क्लाइंट की जानकारी का इस्तेमाल करना तथा जारी रखना. प्रतिस्पर्धी बेंचमार्किंग. डिजिटल रणनीति का समर्थन एवं विकास. लीड मैनेजमेन्ट तथा आरएम से फीडबैक लेना. ईएमएस के इस्तेमाल को सुनिश्चित करना. मार्केटिंग टीम के साथ संपर्क करना तथा लीड्स की कार्यक्षमता को सुधारने के लिए माइक्रो साइट बनाने, पेज प्रदान करने में मदद करना. | |
| मैनेजर (बिजनेस प्रोसेस) | सेल्स फोर्स के लिए जरूरी गतिविधियों पर निगरानी रखना. सीआरएम का आयोजन और उस पर अमल. सेल्स फोर्स ऑटोमेशन जैसे कि एफडी रोल ओवर प्रोजेक्ट, इन्फ्लो आउटफ्लो मैनेजमेन्ट, कैपासिटी प्लान, सेल्स टीम और बैक ऑफिस टीम्स के ज़रिए प्रोसेस पर अमल का प्रबंधन. डिजाइन का प्रबंधन तथा कस्टमाइज करना एवं चुने हुए क्षेत्रों को वेल्थ प्रॉपोजिशन प्रदान करना. सेल्स तथा ग्राहक शिक्षण कार्यक्रम. वार्षिक योजना तथा बजट बनाने में मदद. पीएंडएल, एमआईएस का प्रबंधन. वृद्धि को प्राथमिकता देने में बिजनेस हेड को सहयोग देना. बिजनेस समीक्षा प्रक्रिया और मापदंड स्थापित करना. इंडस्ट्री के प्रचलनों, संरचना, मार्केट प्लेयर्स तथा अन्य प्रतिस्पर्धी पर नजर रखना. बेहतर टीएटीएस और एक्सक्लुसिफ के प्रॉपोजिशन के लिए बैंक की आंतरिक टीमों के साथ संपर्क. पूरे क्लाइंट लाइफ साइकिल के शामिल करते हुए बिजनेस प्रक्रियाओं और पॉलिसियों की रचना करना. मुआवजा संबंधी पॉलिसियों के इस्तेमाल पर एचआर को सहयोग तथा स्पष्टीकरण प्रदान करने के लिए कार्य करना. मौजूदा गतिविधि तथा नई मार्केट गतिविधियों के विश्लेषण के लिए नई पहल को विकसित तथा पेश करने में सेल्स हेड को समर्थन देना. | |
| सेंट्रल रिसर्च टीम | **फिक्स्ड इन्कम एनालिस्ट:** मौजूदा फिक्स्ड इन्कम मार्केट को समझना और फिक्स्ड इन्कम मार्केट पर एक दृष्टिकोण तैयार करना. फिक्स्ड इन्कम मार्केट पर रोजाना की गतिविधियों को नोट करना. फिक्स्ड इन्कम सिक्यूरिटीज की अनुमोदित/स्वीकृत सूची तैयार करना. मार्केट डेटा एग्रीगेटर्स और रिसर्च रिपोर्ट प्रदानकर्ताओं के साथ संपर्क बनाए रखना.<br><br>**एमएफ एनालिस्ट:** निर्धारित मापकों के आधार पर म्यूचुअल फंड्स की एक स्वीकृत सूची तैयार करना. निश्चित दायरे, जिसमें कार्यनिष्पादन के मापक तथा हाउस का नजरिया भी शामिल है, के आधार पर एमएफ की अनुमोदित सूची बनाना. मार्केट डेटा एग्रीगेटर्स और रिसर्च रिपोर्ट प्रदानकर्ताओं के साथ संपर्क बनाए रखना. एडवायजरी के लिए टेक्नोलॉजी संचालित समाधानों हेतु अन्य विभागों और एजेन्सियों के साथ संपर्क.<br><br>**इक्विटी एंड डेरीवेटिव एनालिस्ट:** मोटे तौर पर इक्विटी मार्केट और क्षेत्रवार प्रचलनों को समझना. इक्विटी मार्केट तथा विशेष क्षेत्रों पर देखने का एक नजरिया तैयार करना. इक्विटी मार्केट पर रोजाना की गतिविधियों पर नोट बनाना. मार्केट डेटा एग्रीगेटर्स और रिसर्च प्रदानकर्ताओं के साथ संपर्क बनाए रखना. एडवायजरी के लिए टेक्नोलॉजी संचालित समाधानों हेतु अन्य विभागों और एजेन्सियों के साथ संपर्क.<br><br>**पोर्टफोलियो एनालिस्ट:** जोखिम प्रोफाइल्स के लिए एसेट आबंटन तथा मॉडल पोर्टफोलियोज तैयार करना. विभिन्न ग्राहकों द्वारा धारित पोर्टफोलियोज के कार्य निष्पादन पर निगरानी रखना. एडवायजरी के लिए श्रेणी में सर्वोत्तम टेक्नोलॉजी संचालित समाधानों के लिए अन्य विभागों और बाहरी एजेन्सियों के साथ संपर्क. मार्केट डेटा एग्रीगेटर्स और रिसर्च प्रदानकर्ताओं के साथ संपर्क बनाए रखना. | |

(अगले पृष्ठ पर जारी...)

(... पिछले पृष्ठ से जारी)

| | | |
|---|---|---|
| एक्विजिशन रिलेशनशिप मैनेजर्स | अ. नए प्रभावशाली आर्थिक हैसियत वाले पात्र क्लाइंट्स को बैंक के वेल्थ मैनेजमेन्ट बिजनेस के लिए प्राप्त करना<br>ब. वेल्थ मैनेजमेन्ट बिजनेस के लिए मौजूदा प्रभावशाली आर्थिक हैसियत वाले पात्र क्लाइंट्स को बनाए रखना.<br>स. क्लाइंट्स तथा संभावित ग्राहकों को बैंक के वेल्थ मैनेजमेन्ट संबंधी पहल के विभिन्न फायदे तथा लाभ पेश करना. | |
| रिलेशनशिप मैनेजर्स | बिजनेस के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रभावशाली तथा एचएनआई क्षेत्र के ग्राहकों को प्राप्त करना, उनके साथ संबंधों को बढ़ाना तथा सुदृढ़ करना. इन ग्राहकों में निवेश व इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स की रेंज की क्रॉस सेलिंग करना ताकि उनकी फाइनैंशियल प्लानिंग के उद्देश्यों को पूरा किया जा सके और इस प्रकार वेल्थ मैनेजमेन्ट बिजनेस के आमदनी के उद्देश्यों की प्राप्ति हो सके. बिजनेस के उद्देश्यों के अनुसार ग्राहकों के टोटल रिलेशनशिप वैल्यू (टीआरवी) और एसेट्स अंडर मैनेजमेन्ट (एयूएम) की वृद्धि करने पर ध्यान केंद्रित करना. | |
| रिलेशनशिप मैनेजर (टीम लीड) | वेल्थ मैनेजमेन्ट बिजनेस के लिए रिलेशनशिप मैनेजर्स की एक टीम का प्रबंध करना और यह सुनिश्चित करना कि टीम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सके. बिजनेस के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रभावशाली तथा एचएनआई क्षेत्र के ग्राहकों को प्राप्त करना, उनके साथ संबंधों को बढ़ाना तथा सुदृढ़ करना. इन ग्राहकों में निवेश व इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स की रेंज की क्रॉस सेलिंग करना ताकि उनकी फाइनैंशियल प्लानिंग के उद्देश्यों को पूरा किया जा सके और इस प्रकार वेल्थ मैनेजमेन्ट बिजनेस के आमदनी के उद्देश्यों की प्राप्ति हो सके. बिजनेस के उद्देश्यों के अनुसार ग्राहकों के टोटल रिलेशनशिप वैल्यू (टीआरवी) और एसेट्स अंडर मैनेजमेन्ट (एयूएम) की वृद्धि करने पर ध्यान केंद्रित करना. | |
| इंवेस्टमेन्ट काउन्सलर्स | फाइनैंशियल सर्विसेस प्रोडक्ट्स की रेंज पर क्लाइंट्स को निवेश के विकल्प प्रदान करना. रिलेशनशिप मैनेजर को निवेश प्रोडक्ट्स की जानकारी प्रदान करने में मदद करना. क्लाइंट निवेशों के लिए रिलेशनशिप मैनजेरों के साथ मिलकर काम करना. बैंक के ग्राहकों के लिए रिस्क प्रोफाइलिंग और आवधिक समीक्षाएं करना. | |
| कस्टमर रिलेशनशिप एग्जिक्यूटिव्स | रिलेशनशिप मैनेजर्स को ग्राहकों से/को कागजात इत्यादि एकत्र/सौंपने, संबंधित विभागों को भेजने, सेवा संबंधी अनुरोधों के लिए, कागजात या ग्राहक से व्यक्ति की मुलाकात के लिए बुनियादी समर्थन प्रदान करने के लिए, सीआरईज जिम्मेदार हैं. | |

**ब. पारिश्रमिक: पारिश्रमिक सीटीसी आधार पर दिया जाएगा तथा यह उम्मीदवार की अर्हताओं, अनुभव एवं संबंधित पद के लिए समग्र उपयुक्तता के आधार पर निर्धारित किया जा सकता है.**

**स. चयन प्रक्रिया:**

चयन शॉर्ट लिस्टिंग और व्यक्तिगत साक्षात्कार के एक या अधिक चक्रों के आधार पर होगा.

**साक्षात्कार:** बैंक द्वारा यथा निर्धारित पर्याप्त संख्या में उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए उनकी योग्यता, अनुभव और समग्र उपयुक्तता के आधार पर शार्टलिस्ट किया जाएगा. साक्षात्कार में अर्हता अंक के बारे में बैंक द्वारा निर्णय लिया जाएगा.

**मेरिट सूची:** केवल साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर अवरोही क्रम में चयन सूची तैयार की जाएगी. अगर एक से अधिक उम्मीदवार कट–ऑफ अंक (कट ऑफ पॉइंट पर समान अंक) प्राप्त करते हैं, तो उन्हें उनकी आयु के आधार पर, अवरोही क्रम में चयन सूची तथा प्रतीक्षा सूची में स्थान दिया जाएगा.

**द. आवेदन कैसे करें:** उम्मीदवार के पास अपना वैध ई–मेल आईडी होना चाहिए, जो कि परिणामों की घोषणा तक सक्रिय रखा जाना चाहिए. उसके जरिए बुलावा पत्र/साक्षात्कार के लिए सूचना आदि ई–मेल से प्राप्त करने में सहायता होगी.

**क) ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए निर्देश:**

i) उम्मीदवार अपना पंजीकरण ऑनलाइन बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com** या **www.sbi.co.in** के माध्यम से स्वयं करें और डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग आदि का प्रयोग कर आवेदन शुल्क का भुगतान करें.

ii) उम्मीदवार पहले तो अपनी नवीनतम फोटो और हस्ताक्षर को स्कैन करें. ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि उम्मीदवार यथा निर्दिष्ट अपने फोटो और हस्ताक्षर को अपलोड न करें.

iii) उम्मीदवारों को बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com** या **www.sbi.co.in** पर जाना होगा और उपलब्ध 'रिक्रूटमेन्ट लिंक' में समुचित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप खोलना होगा.

iv) उम्मीदवार आवेदन को सावधानीपूर्वक भरें. आवेदन पूरी तरह से भरे जाने के बाद, उम्मीदवार को चाहिए कि वह डाटा प्रस्तुत करें. उम्मीदवार यदि एक बार में डाटा नहीं भर पाता है, तो वह पहले प्रविष्ट किए गए डाटा को सेव कर सकता है. डाटा सेव हो जाने पर एक अनंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड सिस्टम द्वारा बना दिया जाएगा और इसे स्क्रीन पर दर्शाया जाएगा. **उम्मीदवार को चाहिए कि वह इस पंजीकरण नंबर और पासवर्ड को अपने पास लिख कर रखे.** आवश्यकता होने पर वे पंजीकरण नंबर और पासवर्ड का प्रयोग कर सेव किए गए डाटा को फिर से खोल सकते हैं और इनमें संशोधन कर सकते हैं. यह सुविधा मात्र तीन बार के लिए उपलब्ध होगी. आवेदन पूरी तरह से भरे जाने के बाद उम्मीदवार को चाहिए कि वह डाटा प्रस्तुत करें और ऑनलाइन से शुल्क का भुगतान करें.

**ख) शुल्क का भुगतान:**

i) सामान्य तथा अपिव के उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क और सूचना शुल्क (अप्रतिदेय) ₹600/– है; अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी के उम्मीदवारों के लिए ₹100/– (केवल सूचना शुल्क) है.

ii) शुल्क का भुगतान वहां उपलब्ध पेमेंट गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन ही करना होगा.

iii) आवेदन–पत्र में भरे विवरण सही हैं, यह सुनिश्चित करने के बाद उम्मीदवार को स्क्रीन पर उपलब्ध निर्देशों के अनुसार आवेदन पत्र के साथ समन्वित पेमेंट गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा. इसके पश्चात कोई बदलाव/संशोधन स्वीकार नहीं होगा.

iv) स्क्रीन पर मांगी जा रही जानकारी देते हुए डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान किया जा सकता है. ऑनलाइन लेन देन शुल्क, अगर कोई हो, तो उम्मीदवार द्वारा उसे वहन किया जाएगा.

v) सफलतापूर्वक भुगतान पूर्ण होने पर, ई–रसीद एवं आवेदन पत्र तैयार होगा, जिसका प्रिंटआउट आवेदक अपने रिकॉर्ड हेतु ले लें.

vi) यदि ऑनलाइन लेनदेन सफलतापूर्वक पूर्ण नहीं होता है, तो कृपया पुन: ऑनलाइन पंजीकरण करें और अपना आवेदन विवरण पुन: भरकर ऑनलाइन भुगतान करें.

vii) ई–रसीद एवं आवेदन पत्र, शुल्क विवरण सहित पुन: प्रिंट करने की सुविधा बाद में उपलब्ध होगी.

**ग) आवेदन की प्रतियां (ऑनलाइन पंजीकृत) और साथ में i. पहचान का प्रमाण ii. जन्म तिथि का प्रमाण iii. शैक्षणिक प्रमाणपत्र: अंक तालिकाएं/डिग्री प्रमाणपत्र iv. अनुभव प्रमाणपत्र v. संक्षिप्त रिज्यूम vi. शुल्क के भुगतान की ई–रसीद vii. अजा/अजजा प्रमाणपत्र अपिव प्रमाणपत्र (नॉन क्रीमी लेयर क्लॉज के साथ) पीडब्ल्यूडी प्रमाणपत्र, जो भी लागू हो, भारतीय स्टेट बैंक, केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, तीसरी मंजिल, अटलान्टा बिल्डिंग, नरीमन पॉइंट, मुंबई –400021 को 13.04.2017 तक डाक से मिल जानी चाहिए.**

**लिफाफे पर आवेदित पद का नाम लिखा हुआ होना चाहिए. उक्त तिथि तक ऑनलाइन आवेदन के साथ अपेक्षित दस्तावेजों की फोटो प्रतियां प्राप्त नहीं होने पर, शार्ट लिस्टिंग या साक्षात्कार हेतु उसकी उम्मीदवारिता पर विचार नहीं किया जाएगा.**

**घ) सामान्य जानकारी:**

i) आवेदित पद हेतु अपनी पात्रता के बारे में उम्मीदवार स्वयं संतुष्ट होने चाहिए.

ii) जो उम्मीदवार सरकारी/अर्ध–सरकारी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत हैं, जिसमें राष्ट्रीयकृत बैंक और वित्तीय संस्थाएं भी शामिल हैं, उन्हें अपने नियोक्ता से ''अनापत्ति प्रमाणपत्र'' प्राप्त कर साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा, ऐसा न करने पर उसकी उम्मीदवारिता पर विचार नहीं होगा और उम्मीदवार को यात्रा भत्ता, यदि अन्यथा स्वीकार्य हो, नहीं दिया जाएगा.

iii) चयन होने पर, उम्मीदवारों को नियुक्ति के समय नियोक्ता से 'कार्यमुक्त प्रमाणपत्र' प्राप्त करके प्रस्तुत करना आवश्यक होगा.

iv) उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे शुल्क जमा कराने के लिए अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बगैर ऑनलाइन आवेदन करें ताकि इंटरनेट पर अत्यधिक लोड या वेबसाइट जैम के कारण वेबसाइट में लॉग ऑन में नाकामी/अक्षमता/डिस्कनेक्शन की आशंका से बचा जा सके.

v) उपरोक्त कारणों से या एसबीआई के नियंत्रण से परे अन्य किसी कारण से अंतिम तिथि से पहले उम्मीदवार द्वारा अपना आवेदन न जमा करा पाने के लिए एसबीआई उत्तरदायी नहीं होगा.

vi) भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में यदि पाया गया कि, उम्मीदवार पात्रता को पूरा नहीं करता है/अथवा उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या तथ्यों को छुपाया है, तो ऐसे उम्मीदवार की पात्रता रद्द कर दी जाएगी. यदि इस तरह की गड़बड़ियां नियुक्ति उपरांत भी नजर में आती है, तो उस उम्मीदवार की सेवाएं समाप्त कर दी जाएगी.

vii) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ई–मेल आईडी चालू रखें, ताकि उन्हें सूचनाएं जैसे कि कॉल लेटर/साक्षात्कार तिथि की सूचना आदि मिल सके.

viii) पात्रता, साक्षात्कार लेने, अन्य परीक्षाएं तथा चयन के सभी मामलों में बैंक का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा. बैंक द्वारा इस संबंध में किसी तरह के प्रत्यावेदन या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.

ix) दूसरे शहरों के जिन उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा, उन्हें भारत में संक्षिप्त मार्ग से वातानुकूलित III टियर (मेल/एक्सप्रेस) के किराए या वास्तविक किराए (यात्रा के अन्य तरीके अपनाने पर) का भुगतान किया जाएगा. स्थानीय यात्रा व्ययों का भुगतान नहीं किया जाएगा.

x) चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति उन्हें बैंक की अपेक्षा अनुसार चिकित्सीय रूप से उपयुक्त घोषित किए जाने पर होगी. यह नियुक्ति बैंक की सेवा ग्रहण करने के समय बैंक में इस पद हेतु लागू सेवा एवं आचार नियमों के अध्यधीन रहेगी.

xi) इस विज्ञापन तथा उसके प्रत्युत्तर में आवेदन से उत्पन्न किसी दावे या विवाद हेतु कानूनी कार्रवाई मुंबई में ही शुरू की जा सकेगी और केवल मुंबई स्थित न्यायालय/ट्रिब्यूनल/फोरम को ही ऐसे किसी मुद्दे/विवाद को निपटाने का एकल एकमात्र अधिकार होगा.

**मुंबई – 400021** **महाप्रबंधक**
**दिनांक: 24.03.2017**